कोटद्वार, गुरूवार
4 अप्रैल 2024
वर्ष: 45
अंक: 329 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## तीसरी बार मोदी को पीएम बनाने में सहयोग करें: धामी

उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सीमांत क्षेत्र रामलीला ग्राउंड भटवाड़ी, (उत्तरकाशी) में टिहरी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी माला राजलक्ष्मी शाह के पक्ष में आयोजित जनसभा/रैली में प्रतिभाग किया इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम सभी लोग यहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकत्र हुए हैं। *गंगोत्री क्षेत्र से मां गंगा निकलकर कई क्षेत्र में जल और जीवन देने का काम करती है। पतित पावनी गंगा के उद्गम स्थल के क्षेत्र में जब भी आने का मौका मिलता है,से स्वयं को धन्य महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बीते मंगलवार को रुद्रपुर में बड़ी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा वो जनता के बीच में प्रधानमंत्री का संदेश देने आए हैं।

"प्रधानमंत्री ने सभी को अपना प्रणाम भेजा है"।

19 अप्रैल को पहले चरण का उत्तराखंड में मतदान होना है। उत्तराखंड की पांचों सीट से भारी बहुमत से जीत दिला कर पुनः प्रधानमंत्री बनाने में अपना सहयोग देना है। उन्होंने कहा कि टिहरी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी माला राजलक्ष्मी जी को सभी अपना आशीर्वाद दें, एवं उन्हें बड़ी संख्या से विजय बनाकर लोक सभा भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का हर एक वोट प्रधानमंत्री जी को और तीव्र गति से कार्य करने के लिए ऊर्जा प्रदान करेगा।



आपका हर वोट नए भारत को शक्तिशाली बनाने और विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करेगा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। आज दुनिया भारत के रुख का इंतजार करती है। कोरोना काल के बाद देश में सबको फ्री में वैक्सीन लगाई गई। और दूसरे देशों को भी वैक्सीन भेजी गई। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जी–20 का सफल आयोजन भारत में किया गया। नरेंद्रनगर में 2 बैठकों का अयोजन किया गया।2014 के बाद प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में ऑल वेदर रोड का निर्माण कार्य हुआ। हर प्रदेश में नए एम्स की आधारशिला रखी जा रही है। नए हवाई अड्डों का विकास कार्य जारी है। नए आईआईटी,आईआईएम का निर्माण कार्य भी जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित देश भी हमारी टेक्नोलॉजी को देखकर अचंभित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में डिफेंस के सेक्टर में तेजी से विकास कार्य जारी है। प्रधानमंत्री जी ने गरीबों के खाते खुलवाए। महिलाओ को उज्जवला योजना के अंतर्गत मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया। आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को घर मिल रहे हैं। विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। मोदी जी की योजनाएं केवल कागजों में नहीं अपितु सब योजनाएं धरातल में है और यही मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक मोदी जी को अपना परिवार का सदस्य मान रहा है। विपक्षियों ने जब मोदीजी के परिवार पर सवाल खड़े किए तो पूरे देश ने एक आवाज में कहा "हम मोदी का परिवार हैं।"मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वाइब्रेंट विलेज भटवाड़ी विकासखंड के सीमांत क्षेत्र में अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस क्षेत्र में करीब 400 करोड़ की योजनाएं शुरू हुई हैं। यह क्षेत्र पर्यटन हब के रूप में विकसित हो रहा है। सड़को का जाल बिछाया जा रहा है।राज्य सरकार प्रदेश के वर्तमान के साथ भविष्य का निमार्ण कर रही है प्रधानमंत्री जी का सपना है कि उत्तराखंड पर्यटन एवं हर क्षेत्र में आगे बढ़े। उत्तरकाशी, बड़कोट, भटवाड़ी, दयारा बुग्याल में आने वाले समय में लोगों की आवाजाही बहुत बढ़ने वाली है।



## केदारनाथ में बर्फबारी से बढ़ी ठंड

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ में इस बार भी मौसम अनुकूल नहीं लग रहा है। अब जैसे ही यात्रा तैयारियां शुरू हो गई हैं तो दूसरी ओर अभी भी बर्फबारी हो रही है जिससे व्यवस्थाएं जुटाने में परेशानियां हो सकती है। एक ओर डीडीएमए लोनिव के मजदूर बर्फ हटा रहे हैं वहीं दूसरी ओर बदलते मौसम के कारण यहां बर्फबारी भी हो रही है। उत्तराखंड मौसम पूर्वानुमान में पर्वतीय इलाकों में बारिश की संभावना जताई गई है। जबकि, प्रदेश के मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। डीडीएमए के मजदूर लगातार केदारनाथ धाम में आवाजाही के रास्तों, हेलीपैड़ आदि की बर्फ साफ कर रहे हैं। बेस कैंप से केदारपुरी तक आवाजाही के लिए बर्फ हटा ली गई है। कुछ घोड़े-खच्चरों की आवाजाही के लिए भी रास्ता तैयार किया गया है। जिससे अब सामान को गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक पहुंचाया जाएगा। सोमवार रात को केदारनाथ में मौसम खराब हुआ और बर्फबारी हुई। मंगलवार को भी केदारनाथ में मौसम खराब रहा। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई। वहीं गौरीकुंड से केदारनाथ तक अब यात्रा तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित सामान की भी आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

## हाईकोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई पूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें उन्होंने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी और अंतरिम राहत की मांग की थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी )की ओर पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू और श्री केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था।सोमवार को (एक अप्रैल) यहां की एक विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक में भेज दिया था। वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। इससे पहले राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष



अदालत ने एक अप्रैल को संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद श्री केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था।

अरविंद केजरीवाल पहले नेता हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री के पद पर रहते गिरफ्तार किया गया, जांच एजेंसी की हिरासत में भेजा गया और जेल भेजा गया।

केंद्रीय एजेंसी ने अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार करके उन्हें अगले दिन (22 मार्च) विशेष विशेष अदालत में पेश किया था, जहां 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेजने का आदेश पारित किया गया। अदालत ने ईडी के दूसरी बार 28 मार्च को अनुरोध करने पर एक अप्रैल तक श्री केजरीवाल की हिरासत अवधि बढ़ाई थी। विशेष अदालत के समक्ष 22 मार्च को ईडी ने मुख्यमंत्री को कथित शराब नीति 2021–2022 घोटाले (जो बाद में रद्द कर दी गई थी) का मुख्य 'साजिशकर्ता एवं सरगना' होने का आरोप लगाया था।तब श्री केजरीवाल के अधिवक्ताओं ने ईडी के इन आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी आपत्ति जताई थी।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से पहले भारत राष्ट्र समिति की नेता एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को ईडी ने 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## ताइवान में 25 साल का बेहद शक्तिशाली भूकंप, मचाई भारी तबाही

ताइपे , ताइवान में आज तडक़े एक शक्तिशाली भूकंप आया है, जिससे पूरा द्वीप हिल गया और इमारतें ढह गईं। जापान ने दक्षिणी द्वीप समूह ओकिनावा के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। यहां उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। फिलीपींस ने भी सुनामी की चेतावनी दी है और तटीय इलाकों को खाली करने का आदेश दिया है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने भूकंप के बाद 3 मीटर (9.8 फीट) तक की सुनामी की भविष्यवाणी की है। लगभग आधे घंटे बाद, कहा कि सुनामी की पहली लहर पहले से ही मियाको और येयामा द्वीपों के तटों पर आ गई थी।ताइवान की भूकंप निगरानी एजेंसी ने तीव्रता 7.2 बताई, जबकि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इसे 7.4 बताया। भूकंप का केंद्र हुआलिन शहर से लगभग 18 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। हुआलिन में इमारतों की नींव हिल गई हैं। भूकंप के झटके राजधानी ताइपे में भी महसूस किए गए। भूकंप की वजह से ताइवान के हुआलिन में कई बिल्डिंग ध्वस्त हो गई हैं। काफी नुकसान पहुंचा है। स्पीड ट्रेन की सर्विस को रोक दिया गया है। अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन से



लोगों को निकलते देखा जा सकता है। ताइवान में इसे 25 साल में सबसे शक्तिशाली भूकंप बताया जा रहा है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक बुधवार को ताइवान के पूर्वी तटों पर 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप के कारण दक्षिणी जापान में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, प्रशासन के भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, इसका केंद्र हुआलिन काउंटी हॉल से 25.0 किलोमीटर दक्षिण–दक्षिण पूर्व में प्रशांत महासागर में 15.5 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

## 11 राज्यों में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाता अधिक : रिपोर्ट

नई दिल्ली ,बुधवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में ग्यारह राज्यों में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है। केरल में इनकी संख्या सर्वाधिक है। रिपोर्ट में 2024 के आम चुनावों में महिलाओं की भूमिका और भागीदारी को दर्शाया गया है।

नई दिल्ली स्थित सार्वजनिक नीति अनुसंधान और परामर्श फर्म क्वांटम हब की एक रिपोर्ट से पता चला है कि केरल में पुरुष मतदाताओं की तुलना महिलाओं की संख्या अधिक है। कुल मतदाताओं में 51 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसके बाद गोवा, मिजोरम, मणिपुर और तमिलनाडु का स्थाना आता है।

इसके विपरीत, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, बिहार और उत्तराखंड जैसे राज्यों में महिला मतदाताओं की हिस्सेदारी सबसे कम है।इस आम चुनाव में महिला मतदाताओं की हिस्सेदारी भी दो दशकों में सबसे अधिक झ 48.6 प्रतिशत है। 2019 के बाद से उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार में नई महिला



मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है।

टीक्यूएच कंसल्टिंग की सह संस्थापक अपराजिता भारती ने कहा, निर्वाचक मंडल के रूप में महिलाएं पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं। यह क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दलों के चुनाव पूर्व वादों में भी परिलक्षित होता है।

उन्होंने कहा, हम महिला मतदाताओं के बढ़ते महत्व को उजागर करने और ट्रैक करने का प्रयास कर रहे हैं। देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रगति के लिए राजनीतिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है।

रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों जैसी सेवा और विदेशी क्षेत्रों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व क्रमशः 3.5 और 11 प्रतिशत है।

### एक नजर

#### पहचान छिपा किया नाबालिग से दुष्कर्म, दोस्तों से भी संबंध बनाने का दबाव बनाया

देहरादून। पहचान छिपाकर युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। इस दौरान अश्लील वीडियो बना ली। पहचान खुली तो अपने दो साथियों से संबंध बनाने का दबाव बनाया। नहीं तो अश्लील फोटो–वीडियो वायरल करने की धमकी दी। तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ पटेलनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि 18 वर्षीय युवती ने तहरीर दी। कहा कि डेढ़ साल पहले वह नाबालिग थी। इस दौरान आईएसबीटी स्थित मॉल में एक युवक मिला। उसने अपना नाम राहुल निवासी निरंजनपुर बताते हुए पीड़िता से दोस्ती की। कुछ समय बाद उसे शिमला बाईपास रोड स्थित गेस्ट हाउस में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। दोस्ती के चार–पांच महीने बाद पीड़िता को पता लगा कि आरोपी का असली नाम सोफी मलिक है। उनसे धोखे से पीड़िता से दोस्ती की। पीड़िता ने उसका विरोध किया और कार्रवाई को कहा। आरोप है कि इसके बाद वह ब्लैकमेल करने लगा। डराया कि उसके पास पीड़िता की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो हैं। जिन्हें वह वायरल कर देगा। आरोपी ने इस दौरान पीड़िता पर दबाव बनाया कि वह उसके दोस्त शादाब कुरैसी और आहिल खान निवासी ब्राह्मणवाला से भी शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि इन दोनों ने भी नशे में पीड़िता से बीते अगस्त में आईएसबीटी के पास स्थित मॉल में छेड़छाड़ की कोशिश की। आरोप है कि बीते 25 मार्च को सोफी मलिक ने पीड़िता से निरंजनपुर सब्जी मंडी के पास मारपीट की और फरार हो गया। आरोप है कि इसके बाद डराकर 27 मार्च को आईएसबीटी के पास मिलने बुलाया। वहां पीड़िता का मोबाइल छीनते हुए मारपीट की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी सोफी मलिक और उसके दोनों साथियों के खिलाफ पोक्सो, दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## लोकसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड में ड्राई डे घोषित




देहरादून। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदान दिवस से 48 घंटे पहले व मतदान समाप्ति तक, यानी 17 अप्रैल से 19 अप्रैल शराब की दुकानें बंद रहेगी। मतगणना के दिन यानी चार जून को भी शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इस अवधि में किसी भी होटल, रेस्टोरेंट, बार, दुकान आदि में भी शराब या अन्य मादक पदार्थ की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। प्रदेश में 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में कानून व्यवस्था बनाने के लिए राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान से 48 घंटे से पहले से लेकर मतदान समाप्त होने की अवधि तक शराब की दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि में वाणिज्यिक व निजी संस्थान व भवन में शराब व मादक पदार्थ की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी।

**12892 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता घर से करेंगे मतदान**

प्रदेश के 12892 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता लोकसभा चुनाव में घर बैठे ही मतदान कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई सुविधा का फायदा उठाते हुए 85 वर्ष से अधिक आयु के 9993 मतदाताओं और 2899 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से ही पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान करने का आवेदन किया है। पांच अप्रैल से यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पहले चरण की प्रक्रिया 10 अप्रैल तक चलेगी। द्वितीय चरण 13 अप्रैल से शुरू किया जाएगा।

**मतदाताओं को मिलेगी सुविधा**

बुधवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व 85 वर्ष से अधिक आयु और दिव्यांग मतदाताओं को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। लोकसभा चुनाव में आयोग ने ऐसे मतदाताओं को घर से ही डाक मतपत्र के जरिये मतदान की सुविधा दी है।

**रूट प्लान तैयार**

कुमार जोगदंडे ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता और दिव्यांग मतदाताओं में से जिसने भी इसका विकल्प दिया था, उन्हें इसकी सुविधा दी जा रही है। इन मतदाताओं तक पहुंचने के लिए रूट प्लान तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक करते हुए रूट चार्ट, मतदान की तिथि और वृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं की सूची उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में 13732 वृद्ध और 2162 दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर मतदान की सुविधा का उपयोग किया था।

## पूर्णिया में तेजस्वी यादव की मौजूदगी में बीमा भारती ने दाखिल किया नामांकन

पूर्णिया ,बिहार की सबसे चर्चित लोकसभा सीट पूर्णिया से बुधवार को पूर्व मंत्री बीमा भारती ने बतौर राजद प्रत्याशी नामांकन का पर्चा दाखिल कर दिया। दूसरी तरफ कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद पप्पू यादव ने गुरुवार को नामांकन भरने की बात कही है।

जदयू से हाल में ही राजद में शामिल हुईं बीमा भारती ने नामांकन का पर्चा भरने के बाद कहा कि पूर्णिया की जनता की सेवा को लेकर वह चुनाव मैदान में उतरी हैं। यहां कई समस्याएं हैं, जिनका वह निराकरण करेंगी। नामांकन के बाद बीमा भारती सीधे रंगभूमि मैदान पहुंची, जहां महागठबंधन द्वारा आयोजित एक सभा में सम्मिलित हुईं। इस जनसभा को राजद के नेता तेजस्वी यादव और अब्दुल बारी सिद्दीकी भी संबोधित करेंगे। इस चुनाव में कांग्रेस, राजद और वामपंथी दल एक गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, पूर्णिया की तस्वीर बदली हुई है।

## 'टिकट बदलकर विपक्ष ने डाल दिए हथियार'

**पन्ना , एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आज विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर हमला बोलते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बदलकर विपक्ष ने ये साबित कर दिया है कि उसने चुनाव के पहले ही हथियार डाल दिए हैं। स्मृति ईरानी ने खजुराहो संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नामांकन के पहले एक जनसभा को संबोधित करते हुए ये बात कही।

वे यहां श्री शर्मा की नामांकन रैली में शामिल होने आईं थीं।केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि विपक्षी पार्टी ने इस सीट से प्रत्याशी बदलकर यह साबित कर दिया है कि उसने हथियार डाल दिए हैं।

इसके साथ ही उन्होंने श्री शर्मा को जीत की अग्रिम बधाई दी। श्रीमती ईरानी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के सामने चुनाव लड़ने से कांग्रेस ने तो इंकार ही कर दिया है, यह



साफ संकेत है कि प्रदेश से कांग्रेस का सफाया होने वाला है।ये सीट गठबंधन की ओर से समाजवादी पार्टी के खाते में गई है। सपा ने यहां से पहले डॉ मनोज यादव को प्रत्याशी बनाया, लेकिन बाद में पार्टी ने प्रत्याशी बदल दिया। उन्होंने कहा कि सपा को वोट देने का अर्थ उन ताकतों को वोट देना है, जो देश को बांटना चाहते हैं। श्री मोदी ने देश का गौरव बढ़ाया है।

## तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 4 की मौत



संगारेड्डी (तेलंगाना)। संगारेड्डी जिले के चंदुर गांव में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के बाद भीषण विस्फोट हुआ है। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 1 गंभीर रूप से घायल हुआ है। बता दें कि यह आग एसबी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में लगी है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी है।

हदनूर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि एक केमिकल फैक्ट्री एसबी ओरेगनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में विस्फोट से आग लग गई। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है।

**रिएक्टर फटने से लगी थी आग फिर हुआ विस्फोट**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने संगारेड्डी जिले की एक फैक्ट्री में हुई आग दुर्घटना की समीक्षा की है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को समझाया कि आग रिएक्टर फटने से लगी है। मुख्यमंत्री कार्यालय के हवाले से बताया गया कि सीएम ने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को तुरंत बचाव कार्य तेज कर आग पर काबू पाने का आदेश दिया। उन्होंने जिला अधिकारियों को दुर्घटना में घायलों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने का भी निर्देश दिया है।

## 'पाकिस्तान का हिस्सा नहीं गुलाम कश्मीर',

मीरपुर। जम्मू–कश्मीर का पाकिस्तान के कब्जे वाला भाग (पीओके) संवैधानिक रूप से उसका नहीं है। यह बात अवामी एक्शन कमेटी, मीरपुर के प्रमुख नेता आरिफ चौधरी ने कही है। मीरपुर गुलाम कश्मीर का प्रमुख शहर है।मीरपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में चौधरी ने कहा, पाकिस्तानी प्रशासन पीओके के लोगों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं करता और न ही उनकी आवश्यकताओं को पूरा करता है। इलाके के लोग दशकों से उत्पीड़न, अनदेखी और मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। हमें लूटा जा रहा है और जबरन विस्थापित किया जा रहा है।

**पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 257 में क्या है उल्लेख**

चौधरी ने कहा, पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 257 का उल्लेख करते हुए कहा कि पीओके (गुलाम कश्मीर) पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के संकल्प के आलोक में इस भूभाग को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच समझौता हुआ था। इसके तहत 26 मामलों में निर्णय के अधिकार पीओके के लोगों को दिए गए थे।

## भारत लाए गए सोमालिया तट से पकड़े गए नौ समुद्री लुटेरे

मुंबई। सोमालिया तट से पकड़कर भारत लाए गए नौ समुद्री लुटेरों को बुधवार को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। समुद्री लुटेरों ने ईरानी ध्वज वाले पोत को बंधक बना लिया था। सोमालिया तट से पकड़कर भारत लाए गए नौ समुद्री लुटेरों को बुधवार को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। समुद्री लुटेरों ने ईरानी ध्वज वाले पोत को बंधक बना लिया था, जिसके बाद भारतीय नौसेना ने कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ा था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अपहरण की घटना 29 मार्च को हुई थी। भारतीय नौसेना ने समुद्री डकैती रोधी अभियान के तहत 12 घंटे से ज्यादा समय तक कड़े कठोर



सामरिक उपायों के बाद अपहृत ईरानी मछली पकड़ने वाली नौका और उसके चालक दल के सदस्यों ने बचाया। घटना के समय जहाज सोकोट्रा के दक्षिण–पश्चिम के करीब 90 समुद्री मील की दूरी पर था। भारतीय नौसेना की टीम के सफल अभियान के बाद समुद्री लुटेरों ने आत्मसमर्पण कर दिया और चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया। इसके बाद नौसेना ने समुद्री लुटेरों को हिरासत में ले लिया और छह दिन की यात्रा के बाद मुंबई लाया गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद नौसेना ने समुद्री लुटेरों को शहर की पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस ने समुद्री लुटेरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, समुद्री डकैती रोधी कानून, पासपोर्ट कानून और विदेशी नागरिक कानून की विभिन्न धाराओं के तहत माले दर्ज किया है और उन्हें गिरफ्तार किया है।

## संपादकीय

# कांग्रेस से पलायन मिलीभगत

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान कई ऐसे प्रकरण देखने को मिल रहे हैं जो आने वाली राजनीति में एक बड़ा असर छोड़ेंगे। खास तौर से कांग्रेस के लिए अपने कुनबे को संभाल रखना बड़ी चुनौती बनती जा रही है। न केवल देश के दूसरे राज्य बल्कि उत्तराखंड में भी बड़े स्तर पर कांग्रेस ने अपने कई नेताओं का कार्यकर्ताओं को भाजपा में जाते हुए देखा है और यह क्रम अभी भी जारी है। ऐसे समय में जब पार्टी को एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचने के लिए संगठन से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का एकजुट रहना जरूरी है ऐसे में पार्टी से पलायन एक बड़ी समस्या बनकर सामने आ रहा है। हालांकि कांग्रेस अपने लोगों का इस प्रकार से भाजपा में जाने को लेकर एक गहरी चल छिपे होने का दावा कर रही है जिसका खुलासा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण महाराज द्वारा मीडिया के आगे किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा नहीं जो आरोप लगाए हैं वह बेहद चौका देने वाले हैं और उनका कहना है कि जिनके कामों की जांच चल रही है या जिनके किसी कार्रवाई में फंसने की नौबत है अथवा जो सत्ता दल के बड़े नेताओं के पार्टनर हैं, केवल वही लोग पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। नीचे का कार्यकर्ता किसी भी पार्टी का अन्यत्र नहीं जा रहा है। कार्यकर्ता अपने सिद्धांतों से टस से मस नहीं हुआ है। कहने को तो प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि आने वाले समय में इस पूरी साजिश का खुलासा होगा लेकिन फिलहाल कांग्रेस को वर्तमान में कर्मठ कार्यकर्ताओं की जरूरत है जो उनके हाथ से निकलते जा रहे हैं। आने वाले समय में इस बात का खुलासा करने का भी दावा किया जा रहा है कि दलबदल करने वाले किस नेता पर कितना दंड आरोपित किया गया था और वह दंड वसूला गया है या नहीं? अपना कुनबा संभालने में नाकाम कांग्रेस ने तो यह भी आरोप लगाया है कि सत्ता दल के नेताओं के साथ संपर्क रखने वाले लोगों का भी खुलासा किया जाएगा। एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के लिए प्रचार हेतु खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड का पहला दौरा कर चुके हैं तो वहीं कांग्रेस की ओर से अभी तक स्टार प्रचारकों की ओर से हरी झंडी नहीं मिल पाई है। कांग्रेस के लिए निश्चित तौर पर यह चुनाव कांटों भरी राह पर चलने के समान साबित हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में यदि संगठन से जुड़े पुराने लोग ही पार्टी छोड़कर जाते रहेंगे तो फिर संघर्ष करने की उम्मीदें भी धूमिल होती चली जाएगी।

# जरूरी है अब विश्व संसद

**रघु ठाकुर**

डॉक्टर लोहिया का सारा जीवन संघर्ष का और मौलिक विचारों को देने का इतिहास है। जर्मनी से पढक़र आने के बाद वे महात्मा गांधी की अगुवाई में आजादी के आंदोलन में शामिल हुए और 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी और कांग्रेस के अन्य बड़े नेताओं की गिरफ्तारी के बाद डॉक्टर लोहिया और जयप्रकाश नारायण ने ही भूमिगत रहकर आंदोलन की कमान संभाली थी और लगातार लगभग ढाई वर्ष अपनी गिरफ्तारी होने तक देश की जनता और नौजवानों को आंदोलन के लिए प्रेरित करते रहे।

डॉक्टर लोहिया एक मौलिक विचारक थे, जिन्होंने अपने जीवन के कालखंड के बहुत आगे का विचार किया था। उनकी मृत्यु के बाद उनके आजादी के आंदोलन और समाजवादी आंदोलन के सहकर्मी लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा था कि लोहिया बहुत आगे तक का सोचते थे इसलिए कई बार देश के लोग उन्हें समझ नहीं सके। लोहिया स्वतः भी जानते थे कि वे जो विचार दे रहे हैं वह 50 से 100 वर्ष बाद के लिए हैं और उन्हें विश्वास था कि भले ही उस समय का समाज उनके विचारों को समझ ना पा रहा हो परंतु किसी–न–किसी दिन समझेगा जरूर और इसलिए उन्होंने खुद यह कहा था कि लोग मेरी बात सुनेंगे शायद मेरे मरने के बाद पर सुनेंगे जरूर। 12 अक्टूबर 1967 को 57 वर्ष की अल्पायु में उनके निधन के आज लगभग 67 वषी के बाद लोहिया के विचारों की गूंज फिर सुनाई पडऩे लगी है। बौद्धिक जगत विविद्यालय में और दुनिया भर के विभिन्न देशों में लोहिया की चर्चा हो रही है। लोहिया शताब्दी वर्ष में भारत में व दुनिया के अनेक देशों के विविद्यालय में लोहिया साहित्य और विचारों पर चर्चा हुई है।

डॉक्टर लोहिया ने अपने जीवन काल में सात क्रांतियां को दुनिया में परिवर्तन के लिए जरूरी बताया था। उन्हें ह्यसप्त क्रांतिह्न कहा जाता है। इन सप्त क्रांतियों में दुनिया में प्रचलित सभी प्रकार की विषमताओं को समाप्त करने का लक्ष्य था। आर्थिक सामाजिक, राजनीतिक असमानता, रंगभेद की समाप्ति, निशस्त्रीकरण, लैंगिक असमानता युद्ध की समाप्ति आदि इसमें शामिल थे। लोहिया अपने आप को विश्व नागरिक मानते थे और चाहते थे कि समूची दुनिया के 18 वर्ष की उम्र से अधिक के लोगों द्वारा निर्वाचित विश्व संसद बने। आज दुनिया इन समस्याओं से जूझ रही है। इन सब का हल विश्व संसद ही हो सकता है। आज की दुनिया में सीमांत आतंकवाद, धार्मिक आतंकवाद, नक्सली आतंकवाद जैसे अनेकों आतंकवादों से दुनिया प्रभावित है।

डॉक्टर लोहिया एक मौलिक विचारक थे, जिन्होंने अपने जीवन के कालखंड के बहुत आगे का विचार किया था। उनकी मृत्यु के बाद उनके आजादी के आंदोलन और समाजवादी आंदोलन के सहकर्मी लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा था कि लोहिया बहुत आगे तक का सोचते थे इसलिए कई बार देश के लोग उन्हें समझ नहीं सके। लोहिया स्वतः भी जानते थे कि वे जो विचार दे रहे हैं वह 50 से 100 वर्ष बाद के लिए हैं और उन्हें विश्वास था कि भले ही उस समय का समाज उनके विचारों को समझ ना पा रहा हो परंतु किसी–न–किसी दिन समझेगा जरूर और इसलिए उन्होंने खुद यह कहा था कि लोग मेरी बात सुनेंगे शायद मेरे मरने के बाद पर सुनेंगे जरूर। 12 अक्टूबर 1967 को 57 वर्ष की अल्पायु में उनके निधन के आज लगभग 67 वर्ष के बाद लोहिया के विचारों की गूंज फिर सुनाई पड़ने लगी है। बौद्धिक जगत विविद्यालय में और दुनिया भर के विभिन्न देशों में लोहिया की चर्चा हो रही है। लोहिया शताब्दी वर्ष में भारत में व दुनिया के अनेक देशों के विविद्यालय में लोहिया साहित्य और विचारों पर चर्चा हुई है। डॉक्टर लोहिया ने अपने जीवन काल में सात क्रांतियां को दुनिया में परिवर्तन के लिए जरूरी बताया था। उन्हें ह्यसप्त क्रांतिह्न कहा जाता है। इन सप्त क्रांतियों में दुनिया में प्रचलित सभी प्रकार की विषमताओं को समाप्त करने का लक्ष्य था। आर्थिक सामाजिक, राजनीतिक असमानता, रंगभेद की समाप्ति, निशस्त्रीकरण, लैंगिक असमानता युद्ध की समाप्ति आदि इसमें शामिल थे।

रूस–यूक्रेन युद्ध को लगभग दो वर्ष होने को हैं। इस्त्राइल ने हमास को नष्ट करने के उद्देश्य से लगभग पूरी गाजा पट्टी पर कब्जा कर लिया है। अमेरिका ईरान के बीच छद्म युद्ध चल रहा है, किसी भी दिन खुलकर युद्ध में तब्दील हो सकता है इसकी आशंका बनी हुई है। भारत अफगानिस्तान के बीच पाक अधिकृत कश्मीर समस्या है। 1959 से तिब्बत पर चीन का कब्जा है। दलाई लामा व उनके हजारों अन्य निर्वासित होकर जीवन बिता रहे। भारत की हजारों किलोमीटर भूमि पर चीन का कब्जा है। ऐसे ही दुनिया में सीमा विवाद युद्ध के लिए तनाव के कारण बने हुए हैं। न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले के बाद अफगानिस्तान की तबाही छिपी हुई नहीं है।

समूची दुनिया में घुसपैठ की समस्या बढ़ रही है, जो कि भयावह तनाव व हिंसा का कारण बन रही है। पोलैंड की सीमा से हजारों लोग अमेरिका की सीमा में प्रवेश के लिए बर्फ में पड़े मर रहे हैं। वे अमेरिका में बसना चाहते हैं, परन्तु अमेरिका बसाने की स्थिति में नहीं है। म्यांमार से रोहिंग्या को पलायन के लिए विवश किया जा रहा है। बड़ी संख्या में बांग्लादेशी भारत की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। यह बड़ी समस्या है। इन सब का हल डॉ. लोहिया की विश्व सांसद के बनने से ही निकाल सकता है।

हम संयुक्त राष्ट्र से अपील करेंगे लोहिया के जन्मदिन 23 मार्च को ह्यविश्व सांसद दिवसह्न घोषित करे। हम प्रधानमंत्री जी से भी अनुरोध करेंगे कि लोहिया की विश्व संसद की कल्पना भारत के प्राचीन सिद्धांत व संस्कृति को नया आयाम दे सकती है। अगर एक दुनिया बनेगी तो नेक दुनिया बनेगी। डॉक्टर लोहिया ने जुलाई 1950 में एक लेख लिखा था– तीसरा खेमा विश्व परिप्रेक्ष्य में। दरअसल, लोहिया ने 1947 से ही विश्व संसद की चर्चा शुरू कर दी थी और दुनिया में जहां–जहां भी उनके संपर्क के लोग थे उनके साथ विश्व संसद की कल्पना पर काम करने के लिए वह पहल करने लगे थे। उनका यह लेख भी उसी का एक हिस्सा है, उसे लेकर कुछ अंश मैं यहां दे रहा हूं।

भारत की 6000 साल और उससे भी अधिक पुरानी संस्कृति में कुछ बात तो है जो और संस्कृतियों और धर्म की रही, लेकिन जिसे यहां अधिक पूर्णता मिली। विवेक के प्रकाश में सहानुभूति का कोमल ज्ञान तब तक अधूरा है, जब तक सारे विश्व और उसकी प्रत्येक वस्तु के साथ तादात्म्य का अनुभव न हो। मैं नहीं जानता कि सहानुभूति की इस भावना को समाजवाद और वर्ग संघर्ष से कैसे जोड़ा जाए। विश्व सरकार का आंदोलन प्रगति पर है निश्चय ही इसमें कई धुंधलके और दरारें हैं, लेकिन इसका मुख्य विचार की सारे विश्व के लिए एक सर्वोच्च संस्था हो; लोगों के दिलों में जगह बना रहा है।

कुछ लोगों को विश्व सरकार का विचार आज यथार्थ और अव्यावहारिक लगता है। इसके बजाए वे क्षेत्रीय एकता के लिए काम करना बेहतर मानते हैं, जैसे पश्चिमी यूरोप की सरकार, एशिया की सरकार आदि। इसके साथ ही कई लोगों का विचार है कि एक आर्थिक विश्व के बिना एक राजनीतिक विश्व असंभव है, जबकि कुछ लोग विश्व सरकार को शुद्ध राजनीतिक स्तर तक ही रखना चाहते हैं।

विश्व संघीय सरकार के लिए विश्व आंदोलन एक संगठन है, जिसका उद्देश्य है विश्व सरकार के लिए काम करने वाले सभी ग्रुपों और शक्तियों को इकट्ठा करना। इसका काम आसान नहीं है। कमजोरी और फूट इसके दो दोष हैं।

लोहिया के लेख के यह अंश बताते हैं कि 1950 से ही समाजवादी आंदोलन ने लोहिया के मार्गदर्शन में विश्व संसद व सरकार बनाने के लिए कार्य करना शुरू कर दिया था, यहां तक की भारत में ही लोहिया की पहल पर विश्व नागरिकता का रजिस्टर तैयार करने का काम शुरू हुआ था। वह लोहिया की मृत्यु के बाद शिथिल हो गया। संयुक्त राष्ट्रसंघ अगर 23 मार्च को विश्व संसद दिवस घोषित करेगा तो समूची दुनिया में फिर से लोहिया का यह विचार तेजी से जन संवाद व जन विमर्श का केंद्र बनेगा और दुनिया विश्व संसद के बारे में सोचने व आगे बढ़ाने को प्रेरित होगी।

# रिजर्व बैंक के लिए आगे की राह

सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 90वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उचित ही कहा कि बैंक ने देश को विकास के मार्ग पर आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाई है। दीर्घावधि की आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए वित्तीय स्थिरता एक अनिवार्य शर्त है। इस समय रिजर्व बैंक इस महत्त्वपूर्ण पड़ाव का जश्न मना रहा है और यह उचित अवसर है कि संस्थान न केवल अपनी अतीत की उपलब्धियों को सामने रखे बल्कि भविष्य के लिए अपनी योजनाएं भी प्रस्तुत करे। यह इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि वृहद आर्थिक स्थिति और नियामकीय चुनौतियों में निरंतर बदलाव आ रहा है।

साफ कहें तो केंद्रीय बैंक बीते दशकों में अपने दायित्वों और कार्यों के साथ निरंतर विकसित हुआ है। समय–समय पर मतभेद के बावजूद सरकार ने इस सफर में रिजर्व बैंक को विधिक और सांस्थानिक सहायता मुहैया कराई है। इन बातों का यह आशय कतई नहीं है कि भारत की व्यवस्थाएं पूरी तरह खामी रहित हैं लेकिन बीते वर्षों में जो विकास हुआ है वह भी सकारात्मक दिशा में है।

हाल के वर्षों के सबसे अहम घटनाक्रम में एक रहा है आरबीआई अधिनियम में संशोधन करना ताकि उसे मुद्रास्फीति को लक्षित करने वाले केंद्रीय बैंक में बदला जा सके। विभिन्न धड़ों के विरोध के बावजूद सरकार मौद्रिक नीति ढांचे को मजबूत बनाने के विचार पर सहमत है। इस बात ने मौद्रिक नीति के संचालन को अधिक पारदर्शी बनाया है और निवेशकों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद की है। हाल के समय में कुछ भ्रम की स्थिति बनने पर रिजर्व बैंक ने यह दोहरा कर सही किया कि वह मुद्रास्फीति को लक्षित करने के विधिक अधिदेश का पालन करेगा। इसके अलावा वृहद आर्थिक स्थिरता में सुधार की एक वजह रिजर्व बैंक द्वारा बाह्य क्षेत्र का कुशल प्रबंधन भी है। उसने अवसरों का लाभ लेकर बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार खड़ा किया जिसने मौद्रिक अस्थिरता को समाप्त किया। रिजर्व बैंक ने वृहद आर्थिक प्रबंधन को लेकर हाल के वर्षों में अच्छा प्रदर्शन किया है। बहरहाल, बैंकिंग नियमन और निगरानी में सुधार की गुंजाइश है। यह अच्छी बात है कि बैंकिंग क्षेत्र में फंसे हुए कर्ज में कमी आई है तथा इस समय यह क्षेत्र तकरीबन एक दशक में सबसे बेहतर स्थिति में है। परंतु यह तथ्य बरकरार है कि बैंकिंग क्षेत्र में वित्तीय संकट के पहले और बाद में रिजर्व बैंक की निगरानी में अतियों की स्थिति बनी। हालांकि यह सही है कि रिजर्व बैंक के पास सरकारी बैंकों के नियमन के मामले में सीमित शक्ति है। इसे जरूरी कानूनी बदलावों की मदद से हल करने की आवश्यकता है। हाल ही में येस बैंक और इन्फ्रास्ट्रक्चर लीजिंग ऐंड फाइनैंशियल ओवरसाइट सर्विसेज लिमिटेड जैसे दो उदाहरण बताते हैं कि हमें अपनी निगरानी व्यवस्था में सुधार करने की जरूरत है। विनियमित संस्थाओं से निपटने के मामले में पारदर्शिता को लेकर भी चिंताएं हैं। उदाहरण के लिए नियामक पेटीएम पेमेंट्स बैंक के मामले में आगे बढक़र सूचनाएं दे सकते थे। बल्कि ऐसी संस्थाओं से निपटना आने वाले वर्षों में एक बड़ी चुनौती बनेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक ने तकनीक को अपनाने की सुविधा देने के क्षेत्र में अच्छा काम किया है। भारत पेमेंट सॉल्युशंस के मामले में दुनिया में अग्रणी देश है लेकिन उसे नए दौर की फिनटेक कंपनियों द्वारा तकनीक का इस्तेमाल करने से उत्पन्न होने वाले अनचाहे परिणामों से निपटने के लिए भी तैयार रहना होगा। कुछ इस तरह जिससे नवाचार प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक ने केंद्रीय बैंक की डिजिटल करेंसी की दिशा में भी पहल की है, हालांकि यह देखना होगा कि इसे किस हद तक अपनाया जाता है।

रिजर्व बैंक औपचारिक रूप से एक स्वतंत्र केंद्रीय बैंक नहीं है। सरकार को उसे स्वायत्त रूप से काम करने देना चाहिए और उसकी सांस्थानिक स्थिति का सम्मान करना चाहिए। उसके कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सरकार को जरूरी कानूनी बदलावों पर विचार करना चाहिए ताकि बैंकिंग नियमन में उसे मजबूती दी जा सके। सरकार के लिए यह भी आवश्यक है कि वह राजकोषीय घाटे में कमी लाए ताकि मौद्रिक नीति के संभावित राजकोषीय दबदबे के जोखिम को कम किया

## विपक्षी इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में रैली की सफलता

नेताओं के जुटान के नजरिए से देखा जाए तो विपक्षी इंडिया गठबंधन की दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली एक सफल रैली थी। इसने अपने अंतर्विरोधों के साथ और उसके बावजूद भी एकजुटता जाहिर की है, जिससे यह संदेश गया है कि इंडिया में एनडीए को चुनौती देने का दम–खम है। भ्रष्टाचार के कथित मामले में जांच एजेंसियों की एकपक्षीय सक्रियता से भी उनके नेताओं के चुनावी जोश में कोई फर्क नहीं पड़ा है।

इंडिया के 27–28 दलों की मंच पर कतारबद्ध मौजूदगी इसे प्रामाणिक बनाती है। तभी तो रैली में रखे कांग्रेस के पांच न्यायों में से एक चुनाव के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई को तुरंत बंद करने की आयोग से मांग पर कदम उठाया गया है।

आयकर विभाग ने जुलाई तक उसके खाते पर किसी कार्रवाई से इनकार कर दिया है। यह त्वरित सफलता है।

इसके अलावा, चुनाव आयोग से आम चुनावों में समान अवसर मुहैया कराने, चुनाव में हेराफेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों की कार्रवाइयों पर रोक लगवाने, चुनावी चंदे का उपयोग कर भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी का गठन करने तथा सरकार से हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की तुरंत रिहाई की मांग उन पांच न्यायों में शामिल है। ये बिंदु विपक्ष के चुनाव प्रचार एवं मुद्दे की एक व्यापक आम समझ जाहिर करते हैं। इन्हीं मुद्दों पर विपक्ष चुनाव में सरकार को घेरेगा। इनके बावजूद, दलगत सिद्धांतों एवं इसी आधार पर सीट शेयरिंग के साथ चुनिंदा नेताओं के व्यक्तित्व को लेकर एक समझ में आ सकने वाली दुविधा से यह रैली अछूती नहीं थी। इसकी आयोजक–संयोजक कही जाने वाली आप इसको अपने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर फोकस करना चाहती थी, जो कांग्रेस के कड़े विरोध के चलते संभव नहीं हुआ। पर आप को इससे कोई फायदा नहीं हुआ, ऐसा भी नहीं है।

# बड़े मियां छोटे मियां से खूंखार विलेन पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक हुआ आउट, अक्षय–टाइगर पर पड़ेगा भारी

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां और छोटे मियां को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. वहीं अब फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना बढ़ाने के लिए अब मेकर्स ने फिल्म से विलेन के लुक से पर्दा उठा दिया है. बता दें कि फिल्म में विलेन के किरदार को तेलुगु स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन प्ले कर रहे हैं.

फिल्म के नए पोस्टर्स को अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें पृथ्वीराज का खलनायक अवतार देखकर हर कोई जर जाए. वहीं पोस्टर्स के साथ पृथ्वीराज का वॉइस ओवर भी सुनाई देता है, जहां वह कहते हैं प्रलयम सर्वनाशम महाप्रलय... कहने का मतलब है कि प्रलय आने वाला है... इन पोस्टर्स को शेयर करते हुए अक्षय ने कैप्शन में लिखा कि ये शैतान है. ये बहुत खतरनाक है और इसका बस एक ही लक्ष्य है...बदला.

चेहरे पर मास्क, हाथ में गन और काले कलर के ओवरकोट जैकेट पहने हुए इस खतरनाक विलेन का लुक अब चर्चा में बना हुआ है. फैंस इस नए विलेन पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं. किसी एक यूजर ने कमेंट में लिखा कि मैं इस मूवी को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं... तो किसी अन्य यूजर ने पृथ्वीराज को लीजेंड बताया.



बता दें कि हाल ही में बड़े मियां छोटे मियां का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला. ट्रेलर में अक्षय–टाइगर की जोड़ी जमकर धमाल मचाती हुई नजर आ रही है. दोनों साथ मिलकर दुश्मनों के छक्के छुड़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं. लेकिन ट्रेलर के अंत में ये दोनों स्टार्स एक दूसरे के ही दुश्मन बन जाते हैं.

अली अब्बास के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म ईद के खास मौके पर यानी कि 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. अक्षय और टाइगर के अलावा फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. फैंस सिल्वर स्क्रीन पर टाइगर और अक्षय की जोड़ी को देखने के लिए बेताब हैं.

## 13 साल पहले, मेरा बचपन का सपना हकीकत में बदल गयाः सचिन

नई दिल्ली, पूर्व भारतीय लीजेंड क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने 2011 वनडे विश्व कप की 13वीं वर्षगांठ पर जीत को याद किया। 2 अप्रैल का दिन भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि मैन इन ब्लू ने 1983 में अपनी पहली जीत के बाद 28 साल के इंतजार को समाप्त करते हुए अपना दूसरा एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीता था। इस दिन 2011 में, भारत ने गौतम गंभीर और तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की दो शानदार पारियों की बदौलत मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के सामने शोपीस इवेंट जीता था। सचिन ने 2011 विश्व कप ट्रॉफी के पल की एक तस्वीर साझा करते हुए अपने सोशल मीडिया पर लिखा, 13 साल पहले, मेरा बचपन का सपना हकीकत में बदल गया। यादों, टीम और एक अरब से अधिक लोगों के अविश्वसनीय समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगा।

# बल्ले से नहीं निकल रहे रन! सुपरमैन बने घूम रहे ईशान किशन



नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में अभी तक मुंबई इंडियंस की हालत खराब है। तीन लगातार मैच में मिली हार के बाद टीम की खूब आलोचना हो रही है। वहीं, मुंबई इंडियंस ने चार खिलाड़ियों को अनोखी सजा दी। टक ने ईशान किशन, कुमार कार्तिकेय, शम्स मुलानी और नुआन तुषारा को एक दिलचस्प साज दी। इसका वीडियो वायरल हो रहा है।

दरअसल, ईशान किशन मुंबई इंडियंस की टीम मीटिंग में लेट पहुंचे। लेट पहुंचने वालों में ईशान किशन के अलावा कुमार कार्तिकेय, शम्स मुलानी और नुआन तुषारा भी शामिल थे। इन चारों को मुंबई इंडियंस ने इन चारों खिलाड़ियों को दिलचस्प सजा दी। इन सभी को सुपरमैन की तरह ड्रेस पहननी पड़ी और इसी ड्रेस में उन्होंने मुंबई एयरपोर्ट तक ट्रेवल करना पड़ा।

**चारों को पहननी पड़ी सुपरमैन की जोड़ी**

चारों ने नीली और गोल्डन कलर की ड्रेस पहनी थी, जिसमें पीछे से सुपरमैन की तरह एक पर्दा भी लगा हुआ था। ईशान किशन के साथ–साथ तीन और अहम खिलाड़ियों को ये सजा मिली। इसमें कुमार कार्तिकेय, शम्स मुलानी भी शामिल थे। नुआन तुषारा भी को भी ये सजा मिली। मुंबई इंडियंस ने पिछले साल भी ऐसी सजा कई खिलाड़ियों को दी थी, जिसमें सूर्यकुमार यादव भी शामिल थे।

# मानुषी छिल्लर ने ब्लैक आउटफिट में ढाया कहर, तस्वीरें देखकर फैंस हुए मदहोश

मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वे ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में मानुषी ने ब्लैक कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वे बेहद खूबसूरत लग रही हैं. उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और लाइट मेकअप किया है. तस्वीरों में उनका पोजिंग स्टाइल भी काफी कातिलाना है.मानुषी की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है. इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। साथ ही उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अपने लुक्स से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचना बखूबी जानती हैं। वहीं उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस भी अक्सर मदहोश हो जाते हैं।

मानुषी छिल्लर जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर को ये फोटोज पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक हजारों में लाइक्स आ गए हैं।

फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर कमेंट्स कर रहे हैं और उनकी हॉटनेस की तारीफ कर रहे हैं. मानुषी छिल्लर जल्द ही अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आएंगे.

## पटना शुक्ला को मिली प्रतिक्रिया से अनुष्का कौशिक अभिभूत

रवीना टंडन द्वारा निर्देशित पटना शुक्ला में रिंकी कुमारी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अनुष्का कौशिक ने कहा कि फिल्म के लिए उन्हें जो प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे वह अपनी आगामी परियोजनाओं में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की भावना से उत्साहित हैं।अनुष्का, जो क्रैश कोर्स, घर वापसी और लस्ट स्टोरीज़ जैसी परियोजनाओं में अपने काम के लिए भी जानी जाती हैं, ने कहाः पटना शुक्ला कई कारणों से एक बेहद खास फिल्म रही है, न केवल इसने उत्साह बढ़ाया है मुझे अपनी बहुमुखी प्रतिभा का एक नया पहलू पेश करना है, लेकिन मुझे व्यवसाय के कुछ सबसे अद्भुत लोगों के साथ काम करने का अवसर भी मिला।

# जोफ्रा टी20 वर्ल्ड कप में कर सकते हैं वापसी, बेन स्टोक्स ने कर दिया है मना

नई दिल्ली। पिछले कुछ समय से चोटिल होने के कारण क्रिकेट से बाहर रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर गेंदबाजी करते हुए दिखें हैं। वह इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में वापसी करने के लिए तैयारियों में लगे हुए हैं। वहीं, वर्ल्ड कप से पहले ही बेन स्टोक्स ने टी20 वर्ल्ड कप खेलने से इनकार कर दिया है।

आर्चर की काउंटी टीम ससेक्स के कोच पाल फारब्रेस ने कहा कि यह 29 वर्षीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड के ओली रॉबिसन और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं और योजना उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयार करना है। फारब्रेस ने कहा, 'पिछले सप्ताह अभ्यास के दौरान पहले ओलिवर (रॉबिसन) और फिर जेडन ने गेंदबाजी की। इनके बाद जोफ्रा गेंदबाजी के लिए आए और उन्होंने असाधारण गति से गेंदबाजी की।'

**कोच ने कही बड़ी बात**



उन्होंने कहा, 'अभी (जेम्स) कीसी (ससेक्स के गेंदबाजी कोच) की योजना बिल्कुल स्पष्ट है। वह आर्चर को टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयार करना चाहते हैं। मैंने जो देखा उसी के बारे में बात कर रहा हूं। वह असाधारण गति से गेंदबाजी कर रहे हैं और उतनी ही अच्छी तरह से बल्लेबाजी भी कर रहे हैं।' बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप इस साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।

**स्टोक्स नहीं खेलेंगे टी20 वर्ल्ड कप**

बता दें कि इंग्लैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने मंगलवार को ये कंफर्म किया कि वह टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए उपलब्ध नहीं हैं। स्टोक्स ने कहा क वह इस वक्त कड़ी मेहनत कर रहे है कि वह पूरी तरह से फिट हो और क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में ऑलराउंडर की भूमिका निभाने के लिए तैयार हो। इससे पहले बेन स्टोक्स ने आईपीएल 2024 खेलने से इनकार किया था।

# गढ़वाल सीट पर महिला, युवा व सैन्य पृष्ठभूमि से जुड़े मतदाता सबसे अधिक

## जनवरी 2024 तक प्राप्त मतदाता संख्या के अनंतिम आंकड़ों के तहत 13 लाख 58 हजार 703 मतदाता


गढ़वाल लोकसभा सीट में स्थित लैंसडौन विधानसभा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखंड को सैनिक बाहुल्य क्षेत्र कहा जाता है। यहां चुनाव में सैन्य पृष्ठभूमि से जुड़े मतदाता अहम भूमिका निभाते हैं। गढ़वाल लोकसभा सीट में भी सैन्य पृष्ठभूमि से जुड़े मतदाता काफी अधिक हैं। ऐसे में इस बार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी इन्हीं मतदाताओं को रिझाने में जुटे हुए हैं। गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर का मुख्यालय भी इसी सीट के अंतर्गत है। ऐसे में इस बार चुनाव में यह मतदाता किसकी तकदीर बदलते हैं यह भविष्य की गोद में छिपा हुआ है।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में गढ़वाल संसदीय सीट में मतदाताओं की कुल संख्या 13,55,776 थी। इसमें 6,46,688 महिला और 6,74,632 पुरुष मतदाता थे। वर्तमान में जनवरी 2024 तक प्राप्त मतदाता संख्या के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 13,58,703 है। वर्ष 2019 में संपूर्ण गढ़वाल संसदीय सीट में पौड़ी जिले में सर्वाधिक 42.41 प्रतिशत से अधिक मतदाता रहे। रुद्रप्रयाग जिले में 14.13 प्रतिशत, चमोली में 22.40 प्रतिशत, टिहरी जिले की दो विधानसभा क्षेत्रों में 12.64 प्रतिशत और रामनगर विधानसभा क्षेत्र में 8.39 प्रतिशत मतदाता हैं। संसदीय सीट के अंतर्गत कुल 14 विधानसभा क्षेत्रों में सबसे कम 79,061 मतदाता लैंसडौन में हैं। गढ़वाल संसदीय सीट में सैन्य पृष्ठभूमि से जुड़े परिवारों की संख्या काफी अधिक है और यही मतदाता चुनाव में निर्णायक भूमिका का निर्वहन भी करते हैं। यही कारण है कि भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी सैन्य पृष्ठभूमि से जुड़े मतदाताओं को रिझाने में जुटे हुए हैं।

### 84 प्रतिशत हिंदू मतदाता

गढ़वाल सीट पर करीब 84 प्रतिशत हिंदू, दस प्रतिशत मुस्लिम, चार प्रतिशत सिख और दो प्रतिशत इसाई मतदाता हैं। हिंदुओं के दो प्रमुख तीर्थ धाम बदरीनाथ और केदारनाथ के साथ पंच बदरी व पंच केदार के अलावा सिखों के प्रसिद्ध तीर्थ हेमकुंड साहिब समेत कई प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल इस क्षेत्र में हैं।

## व्यापारियों ने उठाई कॉमर्शियल टैक्स में छूट की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कोटद्वार के छोटे व्यापारियों ने प्रदेश सरकार से उन्हें कॉमर्शियल टैक्स में छूट देने की मांग की है। कहा कि अभी तक व्यापारी कोरोना काल के घाटे से उबर नहीं पाए हैं।गोविंद नगर में आयोजित बैठक में व्यापारियों ने कहा कि कोरोना काल में सभी व्यापारियों को सबसे अधिक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था। वहीं दूसरी ओर शहर में माल और सुपर बाजारों के खुलने से भी छोटे व्यापारियों को घाटे का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण हटाओ अभियान में भी छोटे व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को ध्वस्त किया गया था। वर्तमान में छोटा व्यापारी किसी तरह से अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है। कहा कि वे प्रदेश सरकार से आर्थिक मदद नहीं मांग रहे हैं, वे केवल कॉमर्शियल टैक्स में छूट की मांग कर रहे हैं। उन्होंने व्यापारियों से एकजुट होकर अपनी मांग सरकार तक पहुंचाने की अपील की। व्यापारियों ने टैक्स छूट पर सरकार को सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग उठाई है। बैठक में प्रवीन भाटिया, संजय बिष्ट, दीपक राजपूत, नंदराम धस्माना, अनिल नेगी, सुबोध कर्णवाल, राकेश भाटिया, दिनेश कुमार और प्रदीप कुमार आदि थे।

# प्रधानाचार्य कुलदीप नेगी ने संभाला कार्यभार


नए प्रधानाचार्य का स्वागत करते विद्यालय के प्रबंधक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाबर के पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज उमरावनगर में पूर्व प्रधानाचार्य कुंजबिहारी भट्ट के सेवानिवृत्त होने के उपरांत नवीन प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह नेगी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से नवीन प्रधानाचार्य का स्वागत किया गया।

विद्यालय प्रबन्धक अमित अग्रवाल और विद्यालय अध्यक्ष मोहनलाल ममगाईं ने नवीन प्रधानाचार्य से पूर्व की भांति व्यवस्था को और सुदृढ़ करते हुए कार्यों को गति देने की आशा की है। पूर्व प्रधानाचार्य कुंजबिहारी भट्ट ने कहा कि नवीन प्रधानाचार्य विद्या भारती व विद्यालय की नीति से परिचित हैं। प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह नेगी ने कहा कि जो दायित्व उनको दिया गया है, उस पर वे खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने को निकाली जागरूकता रैली



धरासू में जागरूकता रैली निकालते पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत के विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नए सत्र में विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान अभिभावकों से अपने बच्चों का विद्यालय में प्रवेश करवाने की भी अपील की गई।

प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी के मार्ग दर्शन में विद्यार्थियों ने ग्राम धरासू में अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्राथमिक विद्यालयों से पांचवीं पास कर चुके विद्यार्थियों का प्रवेश पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में करवाने की अपील की गई।

कहा कि आज सुरखेत से पढ़े हुए बच्चें देश के कई उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अभियान के दौरान विद्यालय में नीवन प्रवेश लेने वाले बच्चों को शिक्षकों ने सम्मानित भी किया। साथ ही बच्चों को निःशुल्क कापी व पैन भी वितरित किए गए। इस मौके पर शिक्षक प्रमोद कुमार, प्रकाश चंद्र कैंथोला, नीरज रमोला, प्रमोद रावत, विजेता गडोई आदि मौजूद रहे।

## रेजीमेंट का स्थापना दिवस सात को

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : यांत्रिक वाहिनी गौरव सेनानी के तत्वावधान में सात अप्रैल को शिवपुर स्थित एक बारातघर में रेजीमेंट का स्थापना दिवस उल्लास के साथ मनाया जाएगा। स्थापना दिवस पर पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद भारद्वाज ने बताया कि पहले स्थापना दिवस पर कार्यक्रम दो अप्रैल को निर्धारित था।

लेकिन, अब यह कार्यक्रम सात अप्रैल को शिवपुर स्थित एक बारातघर में सुबह साढ़े दस बजे आयोजित किया जाएगा। स्थापना दिवस पर सभी पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही वीर नारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# छात्रों का हुआ कैंपस सलेक्शन, आईटी कंपनी में मिली जॉब



कंपनी में नौकरी के लिए साक्षात्कार देते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज में शिक्षा ले रहे चार छात्र-छात्राओं का कैंपस सलेक्शन आईटी कंपनी में हुआ है। आईटी कंपनी प्रोडेस्क के सीनियर एचआर मैनेजर और टैलेंट एक्टिविस्ट ने छात्र-छात्राओं का साक्षातकार लेकर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपे हैं।

बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस कॉलेज के ईडी अजयराज नेगी ने बताया कि मंगलवार को कॉलेज में कैंपस सलेक्शन के नोयडा की आईटी कंपनी प्रोडेस्क के अधिकारी संस्थान में आए थे। जिसमें बीबीए और बीसीए कोर्स के फाइनल इयर के छात्र-छात्राओं ने दो राउंड में साक्षात्कार दिए। जिसमें से छात्रा अदिति गौड, दिव्यांशी चौधरी और साक्षी रावत का एचआर एग्जीक्यूटिव के पद पर और छात्र विपिन कुमार का चयन फ्रंटटेंट डबलपर के पद पर हुआ है। कॉलेज के डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि इसी माह ग्लोबल लॉजिक टैक्नोलॉजी कंपनी के एचआर मैनेजर कॉलेज में आईटी और बीबीए के छात्रों का साक्षातकार करने के लिए पहुंच रहे हैं। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के जॉब के लिए चयन होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल कॉलेज परिसर में पूल कैंपस सलेक्शन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आईएचएमएस के बाहर अन्य कालेजों के बीए, बीएससी और बीकॉम कर चुके बच्चे और अंतिम वर्ष में शिक्षा ले रहे छात्र-छात्राएं भी प्रतिभाग कर सकते हैं। चयनित युवाओं को एसोसिएट एनलिस्ट के पद पर तैनाती दी जाएगी और दो से तीन लाख प्रतिवर्ष तक का पैकैज दिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के ग्रेजुएट युवाओं से कैंपस पूल सेलेक्शन इंटरव्यू के लिए संस्थान में आकर अपना पंजीकरण कराने की अपील की है।

## क्षेत्र की समस्याओं के लिए निरंतर संघर्ष करूंगा

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से यूकेडी प्रत्याशी आशुतोष नेगी ने कहा है कि जनता के आशीर्वाद से जीत दर्ज होगी तो संसद में भी क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्या उठाता रहूंगा। साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करता रहूंगा। काशीपुर बुआखाल हाईवे पर जड़ाऊखांद बाजार में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जल, जंगल, जमीन की लड़ाई अब भू कानून व मूल निवास के मुद्दों के साथ लड़ी जा रही है। इस दौरान यूकेडी के वरिष्ठ नेता शांति प्रसाद भट्ट, एपी जुयाल, सोनी देवी, आशीष नेगी, अर्जुन नेगी आदि मौजूद रहे।

## नदियों को साफ सुथरा रखना हमारा कर्तव्य

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नयार नदी के तट के पास गंगा आरती की गई। इस मौके पर गंगा की स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल ने कहा कि नदियां हमारी जीवनदायनी हैं। हमारा उतरदायित्व है कि इसको हम साफ सुथरा रखे। इस मौके पर ललिता प्रसाद ममगांई, मंगलेश ममगांई, विवेक रावत, डा. नीरज असवाल, डा. विकास प्रताप सिंह, डा. अजय कुमार, डा. विनोद कुमार, डा. छाया सिंह, डा. बिपेंद्र सिंह रावत आदि शामिल रहे।

## मल्ला बदलपुर में चोरों का आंतक

**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली** : जयहरीखाल ब्लॉक के मल्ला बदलपुर में चोरों का आतंक बना हुआ है। गांव में खाली पड़े घरों में चोरी के मामले बढ़ने लगे हैं। आये दिन चोरी की घटनाएं होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। लोस चुनावों के मद्देनजर शासन-प्रशासन के अधिकारी व्यस्त हैं ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों के हौसले बुलंद हैं। गुड़ेथा, पुंडेर गांव, खैरा, किमार गवांणा, रैतपुर, मौन्दाड़ी गांवों में चोरों ने ताले तोड़ खाली घरों में घुस कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। थाना सतपुली के एसआई सोहन लाल ने बताया कि गांवों में अधिकतर घर लोगों के छोड़े हुए हैं, फिलहाल पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं है।

# वाद विवाद प्रतियोगिता मे आंचल ध्यानी रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता में आंचल ध्यानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की ओर से प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।


प्रतियोगिता में अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करती प्राचार्य

महाविद्यालय की प्राचार्य जानकी पंवार ने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर विकास के लिए समय-समय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। जंतु विभाग के विभाग प्रभारी डा. आदेश कुमार, डा. सुनीता नेगी, डा. स्मिता तिवारी व डा. मोहन कुकरेती ने कहा कि वाद विवाद प्रतियोगिता में आंचल ध्यानी ने प्रथम, प्रतिभा ने द्वितीय एवं सलोनी कुलाश्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मॉडल प्रतियोगिता में इप्सा जोशी प्रथम, गुरप्रीत द्वितीय एवं विनीता द्वितीय, सलोनी, शिवानी तृतीय स्थान पर रही।

## आमजन को बताए सरकार के काम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बाजार का भ्रमण कर आमजन को भाजपा सरकार के कार्यों के बारे में बताया। कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता को बेहतर विकास करने वाली पार्टी को ही अपना मत देना चाहिए।

बुधवार को कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारियों ने कोटद्वार क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने आमजन को सरकार के कार्यों के बारे में बताते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने उत्तराखंड का बेहतर विकास किया है। पिछले दस वर्षों में उत्तराखंड विकास के पायदान में काफी आगे बढ़ा है। इस मौके पर जंग बहादुर रावत, संजय भंडारी, आदित्य त्रिपाठी, नमन भटनागर, नयन मोंगिया, हार्दिक, कुंज अग्रवाल, मयंक गुप्ता, मोहम्मद रिजवान, धीरेंद्र सागर आदि मौजूद रहे।

## सौंदयू के ग्रामीणों को पेयजल किल्लत से नहीं मिल रही निजात

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लाक की ग्राम सभा थापली के सौंदयू के ग्रामीणों को पेयजल किल्लत से निजात नहीं मिल पा रही है। पिछले लंबे समय से ग्रामीण पेयजल समस्या से परेशान है, कई बार प्रशासन को शिकायत करने के बाद भी ग्रामीणों की समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही पेयजल किल्लत से निजात दिलाने की मांग की है। बुधवार को डीएम से मिलने पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम सभा थापली के सौंदयू में पिछले लंबे समय से पेयजल किल्लत बनी है। गांव को जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पेयजल लाइन की सुविधा भी नहीं दी गई है। जिससे ग्रामीण एक किलोमीटर दूर प्राकृतिक पेयजल स्त्रोत से पानी ढोने को मजबूर हैं। कहा कि गर्मियों में यह प्राकृतिक पेयजल स्त्रोत भी सूख जाता है। जिससे ग्रामीण परेशान है। उन्होंने गांव को हर घर नल हर घर जल योजना के तहत पेयजल सुविधा मुहैया करवाने की मांग की है।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश नाम देवांश लखेड़ा दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम शिवाय लखेड़ा (SHIVAY LAKHERA) है। मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम देवांश लखेड़ा के स्थान पर शिवाय लखेड़ा (SHIVAY LAKHERA) दर्ज करवाना चाहती हूं।

**मोहिता पत्नी खुशी राम लखेड़ा निवासी ग्राम कलिगाड मल्ला, तहसील रिखणीखाल, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(090/21)


# जिला प्रशासन का शत प्रतिशत मतदान पर फोकस



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : लोकसभा चुनाव-2024 में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए जनपद के समस्त विकासखंड़ों में जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों द्वारा भी वीडियो क्लिप बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जनपद के समस्त मतदाताओं से 19 अप्रैल, 2024 को अपने-अपने मतदेय स्थलों में मतदान करने की अपील की है।

साथ ही उन्होंने जो मतदाता जनपद से बाहर रह रहे हैं उन्हें भी मतदान दिवस पर अपने-अपने मतदेय स्थलों पर जाकर मतदान करने को कहा। जागरूक कार्यक्रम के तहत जनपद के समस्त विकासखंड़ों में हर दिन मतदाताओं को मतदान करने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए मतदाताओं द्वारा स्वयं भी सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य मतदाताओं को मतदान करने की अपील की जा रही है।

## मास्टर ट्रेनरों का तृतीय प्रशिक्षण आज

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी कार्मिक अपूर्वा पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मास्टर ट्रेनरों का तृतीय प्रशिक्षण 4 अप्रैल को आयोजित किया जायेगा। नोडल अधिकारी कार्मिक ने बताया कि जनपद पौड़ी के समस्त विधानसभाओं में तैनात किये गये मास्टर ट्रेनरों का सैद्धांतिक प्रशिक्षण 11 बजे से विकास भवन सभागार व अपराह्न में नगर पालिका बारातघर पौड़ी में व्यवहारिक प्रशिक्षण संपन्न किया जायेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# सीवर लाइन के लिए जगह—जगह खोदी गई सड़कें बनी मुसीबत

देहरादून। बंजारावाला और मोथरोवाला के लोगों की मुसीबत कम नहीं हो रही है। यहां सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों पर वाहनों के टायर मिट्टी में धंस रहे हैं। सड़कों पर वाहनों के साथ ही पैदल चलना भी मुश्किल हो रखा है। क्षेत्र के लोग कई बार सड़कों के डामरीकरण की मांग कर चुके हैं, लेकिन ज्यादात्तर क्षेत्रों में समस्या अभी तक जस की तस है। शहर के कई इलाकों में उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की ओर से सीवर लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। बंजारावाला और मोथरोवाला में भी डेढ़ साल से यह काम चल रहा है। इसके लिए जगह—जगह बेतरतीव ढंग से सड़कें खोदी गई है। लगातार सड़कों पर खुदाई के कारण लोगों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। कच्ची मिट्टी में भारी वाहनों के टायर धंस जा रहे हैं। दोपहिया वाहनों का सड़क पर चलना मुश्किल हो रखा है। सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के दिनों में हो रही है। बारिश ससे सड़कें कीचड़ में तब्दील हो जा रही है,


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई—नीलामी**

मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेन के 01 एस.एल.आर: 13010(F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई—नीलामी के तहत दिनांक 16.04.2024 (Timings: 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 980/24

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई—टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 03-DRM-MB-24-25 Date 03.04.2024 | 04-DRM-MB-24-25 Date 03.04.2024 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Dewatering of LHS Limited Height subway in ON-BLM and RAC-SPC section of SSE/W/BLM and SSE/W/SPC under ADEN/II/HRI. | Provision of see through type PRC Sleeper fencing to prevent CRO in KUF-AMG section under DEN/II/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 30.04.2024, 16:00 | 30.04.2024, 16:00 |
| अनुमानित लागत | रु. 39,99,940.50 | रु. 1,02,16,453.93 |
| धरोहर राशि | रु. 80,000.00 | रु. 2,01,100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 16.04.2024 | 16.04.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 09 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 03.04.2024 991/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई—टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन **16.00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 308-DRM-MB-23-24 26.03.2024 | 309-DRM-MB-23-24 26.03.2024 | 310-DRM-MB-23-24 26.03.2024 | 311-DRM-MB-23-24 26.03.2024 | 312-DRM-MB-23-24 26.03.2024 | 313-DRM-MB-23-24 26.03.2024 | 314-DRM-MB-23-24 26.03.2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Elimination of level crossing no. 10/C by providing LHS by pushing method on MB-GZB in the section of ADEN/GJL. | Elimination of level crossing no. 11/C by providing LHS by pushing method on MB-GZB in the section of ADEN/GJL. | Elimination of level crossing no. 13/C by providing LHS by pushing method on MB-GZB in the section of ADEN/GJL. | Elimination of level crossing no. 19/C by providing LHS by pushing method on MB-GZB in the section of ADEN/GJL. | Elimination of level crossing no. 22/C by providing LHS by pushing method on MB-GZB in the section of ADEN/GJL. | Elimination of level crossing no. 31/C by providing LHS by pushing method on MB-GZB in the section of ADEN/GJL. | Elimination of level crossing no. 41A/C by providing LHS by pushing method on MB-GZB in the section of ADEN/GJL. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 30.04.2024 | 30.04.2024 | 30.04.2024 | 30.04.2024 | 30.04.2024 | 30.04.2024 | 30.04.2024 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 बजे | 16:00 बजे | 16:00 बजे | 16:00 बजे | 16:00 बजे | 16:00 बजे | 16:00 बजे |
| अनुमानित लागत (रु.) | 4,09,35,820.87 | 4,09,35,820.87 | 4,09,35,820.87 | 4,09,35,820.87 | 4,09,35,820.87 | 4,09,35,820.87 | 4,04,71,720.72 |
| धरोहर राशि (रु.) | 3,54,700.00 | 3,54,700.00 | 3,54,700.00 | 3,54,700.00 | 3,54,700.00 | 3,54,700.00 | 3,52,400.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 12 माह | 12 माह | 12 माह | 12 माह | 12 माह | 12 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 16.04.2024 | 16.04.2024 | 16.04.2024 | 16.04.2024 | 16.04.2024 | 16.04.2024 | 16.04.2024 |

सं.: Sr. DEN-IV/Publication/23-24 दिनांक: 03.04.2024 982/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### लोनिवि प्रशिक्षण स्थल पर सभी व्यवस्था पूर्ण करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी कार्मिक अपूर्वा पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 से 10 अप्रैल तक मतदान टोलियों का द्वितीय प्रशिक्षण प्रस्तावित है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता लोनिवि को प्रशिक्षण स्थल पर सभी व्यवस्था पूर्ण करने को कहा। नोडल अधिकारी कार्मिक ने बताया कि 5, 6, 8, 9 व 10 अप्रैल (07 अप्रैल रविवार को छोड़कर) को मतदान टोलियों/टीमों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। उन्होंने निर्धारित तिथि को प्रशिक्षण कार्यशाला में संबंधित कार्मिकों को प्रतिभाग करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साउंड सिस्टम व्यवस्था, गांधी पार्क में कार्मिकों की उपस्थिति के लिए स्टॉल, वेरिकेटिंग, कार्मिकों को डाक मतपत्र हेतु स्टॉल सभी अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण करने को कहा।

### गुलदार की खाल के साथ दो गिरफ्तार

चमोली : एसओजी और चमोली पुलिस ने गुलदार की खाल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गुलदार की बरामद खाल की बाजार में कीमत 4 लाख रुपये आंकी जा रही है थराली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान मींग गेधेरे के पास से गुलदार की खाल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गुलदार की खाल के साथ आरोपी 38 वर्षीय विक्रम सिंह निवासी ग्राम वासिना थराली और 45 वर्षीय दिनेश सिंह निवासी ग्राम कंसोला थाना थराली को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा खाल की पहचान करने हेतु वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया। जिसमें वन दरोगा बलवंत सिंह द्वारा जंगली जानवर की खाल की जांच कर गुलदार की खाल होना बताया। (एजेंसी)

### स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

चमोली : थाना थराली पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को पकड़ा है। आरोपियों से 3.24 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। थाना प्रभारी थराली देवेन्द्र पंत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार रात को उनकी गाड़ी की तलासी में 22 वर्षीय राकेश राम उर्फ राका पुत्र हरिराम निवासी कुलसारी थराली और 27 वर्षीय उमेश चन्द पुत्र टीका प्रसाद निवासी थराली को 3.24 ग्राम स्मैक की तस्करी करते हुए पकड़ा गया। दोनों के विरुद्ध थाना थराली में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। (एजेंसी)

### अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद

चमोली : गैरसैंण विकासखं के कडपतियाखाल में आबकारी विभाग ने ग्राम गौल में देव सिंह की दुकान से 1.96 लाख रूपये की अंग्रेजी शराब बरामद की है। आरोपी का आबकारी अधिनियम में चालान करने के बाद मौके पर ही जमानत भी दे दी गई। छापे में दुकान में 14 पेटियों में अग्रेजी शराब छिपाकर रखी गई थी। टीम में जयवीर सिंह आबकारी निरीक्षक, रविन्द्र सिंह प्रधान आबकारी सिपाही, सिपाही सतेन्द्र सिंह, अभिवन नौटियाल, दीपक कुनियाल, ध्वजवीर तोमर थे। (एजेंसी)

### पुलिस ने जब्त किए सवा सात लाख

नई टिहरी : नई टिहरी थाना पुलिस ने चुनावी दौर की चैकिंग के दौरान जहां 5 लाख रूपये की धनराशि पकड़ी है। वहीं हिन्डोलाखाल पुलिस ने 2.14 लाख की धनराशि पकड़ी है। इस तरह से पुलिस ने कुल लगभग सवा सात लाख रूपये की धनराशि का पकड़कर जब्त की है। नई टिहरी पुलिस ने चुनाव के चलते की जा रही चैकिंग के दौरान हनुमान चौक नई टिहरी में बेताल सिंह कुमांई पुत्र सुंदर सिंह कुमाई निवासी बौराड़ी से हैंड बैग में 5 लाख रूपये की धनराशि पकड़ी है। धनराशि को लेकर कोई संतोषजनक जवाब न मिलने के चलते इस धनराशि को पुलिस ने जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

### बाबी ने बूढ़ाकेदार क्षेत्र में मांगे वोट

नई टिहरी : टिहरी लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी बाबी पंवार ने बुधवार को घनसाली के बुढ़ाकेदार क्षेत्र में चुनाव प्रचार करते हुए लोगों के बीच पहुंचकर वोट मांगे। बॉबी ने कहा टिहरी में राज परिवार के लोग ही सर्वाधिक बार सांसद बने।

लेकिन उन्होंने यहां के विकास के लिए कुछ नहीं किया। यही हाल कांग्रेस का भी रहा है इस मौके पर बेरोजगार संघ के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश सिंह, कुमाऊं संयोजक भूपेंद्र कोरंगा, किसान नेता भोपाल चौधरी, संजय नेगी, नारायण सिंह राणा, यूकेडी, शोधन कुड़ियाल, देवेंद्र दत्त, सब्बल सिंह चौहान, दीपक पंवार, फूल सिंह विष्ट, अभय रतूड़ी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया लेखन सामग्री स्टोर का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने प्रेक्षागृह में लेखन सामग्री स्टोर का निरीक्षण किया। उन्होंने नोडल अधिकारी लेखन को निर्देश दिये कि पोलिंग पार्टियों के लिए तैयार की जा रही लेखन किट में सभी सामाग्री रखना सुनिश्चित करें।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत जनपद पौड़ी गढ़वाल के 945 पोलिंग पार्टियों के लिए लेखन सामाग्री किट तैयार की जा रही है। जिसमें मेडिशन किट, स्टेशनरी, लिफापे, प्रपत्र, मोहर सहित अन्य आवश्यक सामाग्री किट में रखी जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लेखन सामाग्री स्टोर में तैयार की जा रही किटो की जांच की। उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारी को



निर्देश दिये कि समस्त किटो में पूरी सामाग्री रखना सुनिश्चित करें, जिससे पोलिंग पार्टियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि लेखन सामग्री की जो किट तैयार की जा रही है उन्हें दोबारा चेक भी करें। नोडल अधिकारी लेखन राजीव गर्ग ने बताया कि अभी तक 400 से ज्यादा किट तैयार की गई है।

### आगर चट्टी-स्यूणी मल्ली मोटर मार्ग खस्ताहाल

चमोली : दो वर्ष पूर्व बनी आगरचट्टी स्यूणी मल्ली लिंक मोटरमार्ग वर्तमान में कई स्थानों पर खस्ताहाल बना है। लिंक मोटरमार्ग पर पुश्ते टूटे हैं और डामर भी उखड़ा है। जबकि सड़क किनारे नालियां नहीं बनी है। इस कारण मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। जो जानलेवा बना हुआ है। लोगों का आरोप है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को जानकारी देने के बावजूद इस दिशा में कोई काम नहीं हो रहा है। इससे लोगों में रोष है। प्रधान स्यूणी मल्ली ध्यान सिंह बिष्ट ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व ब्रिडकुल संस्था के माध्यम से आगरचट्टी-स्यूणी मल्ली मोटर मार्ग का निर्माण हुआ था। लेकिन संस्था के घटिया कार्य के कारण जहां सड़क का डामर जगह-जगह पर उखड़ गया है। वहीं बनाए गए अधिकांश पुश्ते भी ढह गये हैं। साथ ही कई स्थानों पर सड़क किनारे नालियों का निर्माण भी नहीं किया गया है। ग्रामीण शांति देवी, जसवंत बिष्ट, मंगल सिंह, राजेन्द्र सिंह, चंद्र सिंह बिष्ट आदि ने संस्था से शीघ्र सड़क मरम्मत करने की मांग की है।

# चार सुविधा और एक पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मतदान कार्मिकों व आवश्यक सेवाओं के कार्मिकों के लिए 04 सुविधा केन्द्र व 01 पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया गया है।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पोस्टल बैलेट ने जानकारी देते हुए कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद के मतदान कार्मिकों तथा आवश्यक सेवाओं के अनुपस्थित मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान किया जाएगा, जिसके लिए 4 सुविधा केन्द्र व 01 पोस्टल वोटिंग सेन्टर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मतदान कार्मिक सुविधा केन्द्र संख्या 01 पीजी कालेज गोपेश्वर के प्रशासनिक भवन व सुविधा केन्द्र संख्या 02 राइका गोपेश्वर के वाणिज्य संकाय भवन में 07, 08 व 09 अप्रैल को, सुविधा केन्द्र संख्या 03 स्पोर्टस स्टेडियम गोपेश्वर व सुविधा केन्द्र संख्या 04 पुलिस लाइन मैदान में 16, 17 व 18 अप्रैल तथा अनुपस्थित मतदाता आवश्यक सेवा पोस्टल बैलेट सेंटर पीजी कालेज गोपेश्वर के प्रशासनिक भवन के भूतल सभागार में 11,12 व 13 अप्रैल को प्रातः 09 बजे से 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं।

### पुलिस ने पकड़ी एक लाख की शराब

नई टिहरी : चुनावी दौर के चलते नशीले पदार्थों के संचरण की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे एसएसटी चेकिंग अभियान के दौरान मुनकीरेती पुलिस ने बुधवार सुबह के वक्त हरियाणा मार्का की 22 बोतल अंग्रेजी शराब और 24 बोतल बीयर गुड़गांव निवासी आदित्य घोष पुत्र रविंद्र घोष के वाहन से बरामद की है। बरामद शराब की कीमत एक लाख रूपये के लगभग हैं। मुनिकीरेती पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई शुरू की है। शराब पकड़ने में एसआई पिंकी तोमर, आशीष वर्मा, रूपेश आदि की भूमिका अहम रही। (एजेंसी)

# हेमकुंड यात्रा मार्ग पर संचालित निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करें : डीएम




**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को हेमकुंड यात्रा मार्ग पर संचालित अवस्थापना विकास कार्यों और यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था लोनिवि को पुलना से भ्यूंडार तक संचालित निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा मार्ग पर साइनेज, किलोमीटर, हेक्टो, स्टोन कार्य के साथ भ्यूंडार के निकट ग्लेशियर से क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग का शीघ्र निर्माण किया जाए। बर्फ हटाने के बाद भ्यूंडार से हेमकुंड तक मोड सुधारीकरण एवं रेलिंग लगाने के अवशेष कार्यों को यात्रा सीजन से पहले पूरा करें। पीएमजीएसवाई को पुलना मोटर मार्ग पर क्षतिग्रस्त स्थलों को ठीक करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को हेमकुंड यात्रा मार्ग बर्फबारी से क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को ठीक करने, घांघरिया में स्ट्रीट लाइट के रख रखाव एवं संचालन हेतु ईडीसी को हस्तांतरित करने और पूरे यात्रा मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की आवश्यकता हेतु शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने को कहा। जल संस्थान को भ्यूंडार में जीर्णशीर्ण पेयजल लाईन के स्थान पर नई पेयजल लाइन निर्माण, मार्ग पर वाटर एटीएम की व्यवस्था और यात्रा सीजन में उसके संचालन हेतु प्लान तैयार रखने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग को सुलभ के साथ यात्रा मार्ग पर शौचालयों की मरम्मत, रख रखाव एवं साफ सफाई व्यवस्था करने को कहा। बीआरओ को होटल भक्त के निकट पैदल यात्रियों हेतु सीढ़ियों के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

# मतदान के लिये उत्साहित दिख रहे पहली बार मतदान करने वाले युवा



### चमोली में इस बार युवा पहली बार करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर में शत प्रतिशत मतदान के लिये स्वीप कार्यक्रम के तहत जहां मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। वहीं जनपद में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं में उत्साह दिखाई दे रहा है।

चमोली जनपद की तीन विधान सभाओं में इस वर्ष 18 से 19 वर्ष तक के 6909 नए मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जनपद में इस वर्ष सर्वाधिक 2405 नए मतदाता कर्णप्रयाग में मतदान करेंगे।

जबकि थराली में 2149 और बदरीनाथ विधानसभा में 2355 युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत चौपाल, जागरुकता रैली, संवाद कार्यक्रम, पॉडकास्ट रेडियो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

साथ ही मतदान में युवाओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से भी अभियान और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

चमोली के पहली बार के युवा मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है।

### क्या बोले चमोली के पहली बार के मतदाता




18वीं लोकसभा के गठन में पहली बार मुझे अपना मत देने का मौका मिल रहा है। जो मेरे लिये नया अनुभव है। मैं मतदान को लेकर उत्साहित हूँ। मैं अपने साथियों और अन्य लोगों को भी अपने मताधिकार के प्रयोग के करने के लिये प्रेरित कर रहा हूँ।

**सचिन सिंह रावत।**



पहली बार मतदान को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। लोकतंत्र के इस पर्व में पहली बार अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकूंगी जो बिल्कुल नया अनुभव होगा। सभी लोगों को संविधान की ओर से दिए गए अधिकार का प्रयोग कर मजबूत सरकार का गठन करना चाहिए।

**प्रियंका पुरोहित।**



लोकसभा चुनाव मे पहली बार मतदान को लेकर मुझे उत्सुकता है। मतदान की प्रक्रिया को मैं करीब से देख सकूंगा साथ ही देश की सरकार चुनने में भी अपनी भागीदारी तय करुंगा।

**अतुल।**



चुनाव लोकतंत्र का पर्व है। जिसमें मुझे पहली बार सहभागिता करने का मौका मिला है। जिसे लेकर उत्साह है। मैं स्वयं के साथ ही अपने सभी सहेलियों और परिजनों को मतदान

**शिवानी।**

### मेधावियों के लिए सुलक्ष्मी छात्रवृत्ति योजना शुरू

नई टिहरी : देवप्रयाग व निकटवर्ती क्षेत्र के मेधावी विधार्थियों के लिए सुलक्ष्मी छात्रवृत्ति योजना शुरू की गयी है। इसके अंतर्गत चयनित दो छात्रों को संपूर्ण कोर्स के लिए प्रति बर्ष एक लाख की सहायता दी जायेगी। देवप्रयाग निवासी तीर्थपुरोहित स्व. लक्ष्मीप्रसाद सिंधी व उनकी पत्नी स्व. सुंदरी देवी की स्मृति में यह छात्रवृत्ति शुरू की गयी है। उनके पुत्र सेवानिवृत्त महाप्रबन्धक ओएनजीसी जितेंद्र शर्मा और अंजना शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद विद्यार्थियों को यह छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। (एजेंसी)

### मुनिकीरेती पुलिस ने पकड़े 1.75 लाख

नई टिहरी : मुनिकीरेती पुलिस ने पावकी देवी में गुलर पुल के पास सुरेंद्र सिंह रावत पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम पाली बछेलीखाल से 1.75 लाख रुपये की धनराशि पकड़ी है। सुरेंद्र सिंह के पकड़ी गई धनराशि को लेकर कोई साक्ष्य व संतोषजनक साक्ष्य न दिए जाने व धनराश के चुनाव में दुरुयोग की आशंका को देखते हुए जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की है। (एजेंसी)

### इन दस्तावेजों से कर सकते है मतदान

रुद्रप्रयाग : लोकसभा चुनाव में मतदाता इन दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज को प्रस्तुत करने पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने बताया कि ऐसे निर्वाचकों, जिन्हें फोटो पहचान-पत्र जारी किए गए हैं को मतदान देने से पूर्व मतदान केंद्र में अपनी पहचान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। मतदाता निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार वैकल्पिक फोटो पहचान-पत्र के रूप में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघरों से जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर में आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, केंद्र अथवा राज्य सरकार सहित लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान-पत्र तथा यूनिक डिसएबिलिटी आई कार्ड को प्रस्तुत कर अपना मतदान कर सकते हैं। (एजेंसी)

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### आज से शुरू होगा सेक्टर, जोनल, पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए निर्वाचन कार्य में तैनात किए गए सेक्टर, जोनल, पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को अनुसूया प्रसाद बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में उपलब्ध कराए जाने वाले प्रशिक्षण के लिए की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि चुनाव कार्य में तैनात किए गए अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक दिशा-निर्देश उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन कार्य में तैनात किए गए अधिकारियों एवं कार्मिकों को पोस्टल बैलेट की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है तथा सभी कार्मिकों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान पक्रिया संपन्न कराए जाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाए तथा जो कर्मचारी अपनी ही विधानसभा में तैनात हैं ऐसे कार्मिकों को ईडीसी फार्म अनिवार्य रूप से निर्गत किए जाएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार से कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने नोडल अधिकारी सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम प्रशिक्षण को निर्देश दिए हैं कि सभी कार्मिकों को निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में सभी बिन्दुओं पर जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को ईवीएम संचालन के संबंध में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराए जाने में किसी तरह की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए।

### कर्मचारियों को दिया अग्निशमन उपकरणों का प्रशिक्षण

चमोली : औद्योगिक क्षेत्र कालेश्वर और सिमली में अग्निशमन यूनिट गोपेश्वर की ओर से अग्निशमन उपकरणों का निरीक्षण कर कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान प्रभारी अग्निशमन अधिकारी एलएफएम प्रदीप त्रिवेदी के नेतृत्व में कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित उपकरणों के संचालन के बारे में बताया गया। कहा गया कि अग्नि दुर्घटना के समय कंपनी के कर्मचारी ही प्रथम रिस्पांडर का कार्य करते हैं। अग्नि दुर्घटना होने पर यदि समय रहते आग पर काबू कर लिया जाय तो जनहानि की क्षति को कम किया जा सकता है। फायर सीजन में अग्निशमन उपकरणों को कार्यशील दशा में रखने की हिदायत दी गई व सभी उद्योगों के प्रतिनिधियों को अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने एवं मानक के अनुसार अग्निशमन उपकरणों को स्थापित करने को कहा गया। साथ ही उद्योगों में कार्यरत कर्मियों को अग्निशमन एवं उससे बचाव की जानकारी देकर मॉक ड्रिल करायी गई और घरों में होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं तथा वनाग्नि से संबंधित घटनाओं के रोकथाम की जानकारी दी गई। मौके पर अमर सिंह, अनूप सिंह, पवन, यशवंत मौजूद रहे। (एजेंसी)

# हरक सिंह भाजपा में शामिल होने का दूर दूर तक कोई प्रश्न नहीं : महेंद्र भट्ट

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ हरक सिंह रावत के भाजपा में शामिल होने का दूर दूर तक कोई प्रश्न नहीं है। बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए भट्ट ने कहा कि कुछ लोग हरक सिंह रावत के भाजपा में शामिल होने की अफवाह फैला रहे हैं। लेकिन इसमें कोई सच्चाई नहीं है। महेंद्र भट्ट ने कहा कि डॉ हरक सिंह रावत के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई केंद्रीय स्तर से हुई थी। ऐसे में यदि उनकी बहाली होती है तो इस संदर्भ में निर्णय केंद्रीय स्तर से ही लिया जाएगा। विदित है कि डॉ हरक सिंह रावत की भाजपा में वापसी को लेकर पिछले काफी समय से चर्चा चल रही है। हालांकि पत्रकारों ने इस संदर्भ में महेंद्र भट्ट से पूछा तो उन्होंने डॉ हरक सिंह रावत के भाजपा में शामिल होने की खबरों को गलत बताया है।पार्टी कार्यकर्ताओं को घर पर झंड़ा लगाने की मिले अनुमतिः भाजपा की ओर से निर्वाचन अधिकारियों के खिलाफ की गई उत्पीड़न की शिकायत के संदर्भ में पूछे जाने पर महेंद्र भट्ट ने निर्वाचन आयोग पर कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। हालांकि उन्होंने कहा कि छह अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस के दिन यदि कोई कार्यकर्ता अपने घर पर पार्टी का झंडा लगाना चाहता है तो उसे इसकी अनुमति मिलनी चाहिए।भाजपा ने माइक्रो डोनेशन के लिए मांगी मददः महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा अपने स्थापना दिवस के दिन छह अप्रैल को सभी कार्यकर्ताओं से माइक्रो डोनेशन के जरिए पार्टी को कुछ न कुछ दान करने की अपील की है।

# कांग्रेस छोड़ने वालों की सत्ता दल के साथ साझेदारी का जल्द करेगें खुलासा : माहरा

देहरादून : संयुक्त विपक्ष को गठबंधन इंडिया एलाइंस ने लोकसभा चुनाव पूरी मजबूती और एकता के साथ लड़ने का संकल्प दोहराते हुए दावा किया की बदलाव की बयार में प्रदेश की सभी पांच सीटों पर मतदाता ऐतिहासिक निर्णय देकर इंडिया एलाइंस को विजयी बनाएंगे।

दून प्रेस क्लब में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा की अध्यक्षता में आयोजित पत्रकार वार्ता में गठबंधन के सभी नेता मौजूद थे। प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस के मुख्य मीडिया समन्वयक राजीव महर्षि, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एस. एस. दलेर, इंडिया एलाइंस के प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट,



कांग्रेस नेता गीताराम जायसवाल और विकास नेगी आदि मौजूद थे। पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जिनके कामों की जांच चल रही है या जिनके किसी कार्रवाई में फंसने की नौबत है अथवा जो सत्ता दल के बड़े नेताओं के पार्टनर हैं, केवल वही लोग पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। नीचे का कार्यकर्ता किसी भी पार्टी का अन्यत्र नहीं जा रहा है। कार्यकर्ता अपने सिद्धांतों से टस से मस नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम इस बात का खुलासा करेंगे कि दलबदल करने वाले किस नेता पर कितना दंड आरोपित किया गया था और वह दंड वसूला गया है या नहीं? उन्होंने यह भी खुलासा करने की बात कही कि बहुत जल्द सामने आ जायेगा कि किस नेता की सत्तारूढ़ दल के किस नेता के साथ पार्टनरशिप थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com